परामर्श पत्र संख्या 7/2020

भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण

# विभेदकारी लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न 'लेयर्स की अनबंडलिंग' करने में सक्षम बनाने के संबंध में परामर्श पत्र

नई दिल्ली, भारत

20 अगस्त, 2020

महानगर दूरसंचार भवन

जवाहर लाल नेहरू मार्ग,

नई दिल्ली– 110002

हितधारकों से परामर्श पत्र पर लिखित टिप्पणियां दिनांक 17 सितम्बर, 2020 तक और जवाबी टिप्पणियां दिनांक 01 अक्तूबर, 2020 तक आमंत्रित की जाती हैं। टिप्पणियां और जवाबी टिप्पणियां भादूविप्रा की वेबसाइटः **www.trai.gov.in** पर डाली जाएंगी। टिप्पणियों और जवाबी टिप्पणियों को इलेक्ट्रॉनिक रूप में, श्री सैयद तौसिफ अब्बास, सलाहकार (नेटवर्क, स्पेक्ट्रम और लाइसेंसिंग), भादूविप्रा को **advmn@trai.gov.in** पर भेजा जा सकता है। किसी भी स्पष्टीकरण/सूचना के लिए, उनसे टेलीफोनः + 91–11–23210481 द्वारा संपर्क किया जा सकता है।

विषयवस्तु


| अध्याय | विषय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| अध्याय 1 | प्राक्कथन | 1 |
| अध्याय 2 | पूर्व– परामर्श पत्र | 8 |
| अध्याय 3 | अंतराष्ट्रीय पद्धतियां | 21 |
| अध्याय 4 | मुद्दों की जांच | 41 |
| अध्याय 5 | चर्चा हेतु मुद्दे | 48 |
| अनुबंध | अनुबंध– I | 50 |

अध्याय 1

प्राक्कथन

क. दूरसंचार विभाग संदर्भ

1.1 दूरसंचार विभाग (दूरसंचार विभाग) ने अपने पत्र संख्या 20– 281/2010–एएस–आई खंड XII (भाग) दिनांक 8 मई, 2019 (अनुबंध– I) के माध्यम से अन्य बातों के साथ– साथ यह जानकारी प्रदान कि की अपने 'प्रोपेल इंडिया' मिशन के तहत राष्ट्रीय डिजिटल संचार नीति (एनडीसीपी) 2018 में निवेश और नवाचार को उत्प्रेरित करने और व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए लाइसेंसिंग और विनियामक व्यवस्था में सुधार के रूप में एक कार्यनीति की परिकल्पना की गई है। विभेदकारी लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों (जैसे, बुनियादी ढांचे, नेटवर्क, सेवाओं और अनुप्रयोग परत) को शामिल करना उपरोक्त कार्यनीति को पूरा करने के लिए कार्य योजनाओं में से एक है। दिनांक 08 मई, 2019 के उक्त पत्र के माध्यम से, दूरसंचार विभाग ने भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण के संशोधन अधिनियम, 2000 (यथा संशोधित) द्वारा भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 की धारा 11 के उप–धारा (1) के खंड (क) की शर्तों के तहत विभेदकारी लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न 'लेयर्स की अनबंडलिंग' करने में सक्षम बनाने के बारे में सिफारिशें प्रस्तुत करने का अनुरोध किया।

ख. भारतीय तार अधिनियम, 1885

1.2 भारत में दूरसंचार लाइसेंस प्रदान किया जाना मुख्यरूप से भारतीय तार अधिनियम, 1885 और भारतीय बेतार तारयांत्रिकी अधिनियम, 1933 द्वारा शासित है। यह अधिनियम केन्द्र सरकार को बेतारों को स्थापित करने, रखरखाव करने और तार तथा बेतार तारयांत्रिकी उपकरणों के कार्यचालन और ऐसी गतिविधियों के लिए लाइसेंस प्रदान करने के लिए एक विशेष प्राधिकार प्रदान करते हैं ।

1.3 भारतीय तार अधिनियम, 1885, 'बेतार' को परिभाषित करता हैः

> ''तारयंत्र'' से किसी प्रकार के चिह्नों, संकेतों, लेखन्, प्रतिबिम्बों और ध्वनियों अथवा आसूचना का तारयंत्र, चाक्षुष या अन्य विद्युत–चुम्बकीय उत्सर्जनों, रेडियो तरंगों अथवा हर्टसी तरंगों, गैलवनीय, विद्युत या चुम्बकीय साधनों से पारेषण या प्राप्ति के लिए प्रयुक्त या प्रयोक्तव्य कोई साधित्र, उपकरण, सामग्री या यंत्र अभिप्रेत है।

1.4 भारतीय तार अधिनियम, 1885 की धारा 4 केन्द्र सरकार को तार के संबंध में विशिष्ट विशेषाधिकार और लाइसेंस प्रदान करने की शक्तियां प्रदान करती है। धारा 4 के संगत भाग को नीचे पुनर्उद्धृत किया गया हैः

> ''4. तारयंत्रों के संबंध में अनन्य विशेषाधिकार और अनुज्ञप्तियों के अनुदान की शक्ति
>
> (1) {भारत} के भीतर तारयंत्रों की स्थापना, अनुरक्षण तथा चालन का अनन्य विशेषाधिकार केन्द्रीय सरकार का होगाः
> परन्तु केन्द्रीय सरकार किसी व्यक्ति को {भारत} के किसी भाग के भीतर तारयंत्र की स्थापना, अनुरक्षण या चालन की अनुज्ञप्ति ऐसी शर्तों पर और ऐसे संदायों के प्रतिफलार्थ अनुदत्त कर सकेगी जैसे वह ठीक समझेः
>
> परन्तु यह और कि केन्द्रीय सरकार इस अधिनियम के अधीन बनाए गए और शासकीय राजपत्र में प्रकाशित नियमों के द्वारा, ऐसे निर्बन्धनों और शर्तों के अध्यधीन, जैसे वह ठीक समझती है, निम्नलिखित की स्थापना, अनुरक्षण या चालन की अनुज्ञा दे सकेगी –
>
> (क) भारतीय राज्यक्षेत्रीय समुद्र के भीतर पोतों पर {भारत} में के या उसके उपर के या भारतीय राज्यक्षेत्रीय समुद्र के उपर} के वायुयानों पर बेतार के तारयंत्र, और
> (ख) {भारत} के किसी भाग के भीतर बेतार के तारयंत्रों से भिन्न तारयंत्र।

....

(2) केन्द्रीय सरकार शासकीय राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, उपधारा (1) के प्रथम परन्तुक के अधीन अपनी सब शक्तियों या उनमें से किसी को तारयंत्र प्राधिकारी को प्रत्यायोजित कर सकेगी। ऐसी प्रत्यायोजित किसी शक्ति का तारयंत्र प्राधिकारी द्वारा प्रयोग ऐसे निर्बन्धनों और शर्तों के अधीन किया जाएगा जैसे केन्द्रीय सरकार उस अधिसूचना द्वारा अधिरोपित करना ठीक समझे।

...''

ग. भारत में टेलीकॉम लाइसेंसिंग ढ़ांचे का विकास

1.5 लाइसेंसिंग ढ़ांचा भारत के दूरसंचार कानून का एक अभिन्न भाग रहा है। भारतीय तार अधिनियम, 1885 के तहत, धारा 4 सरकार को किसी भी व्यक्ति को तार की स्थापना करने, उसका रखरखाव करने अथवा उपयोग के लिए लाइसेंस देने की शक्ति प्रदान करती है। शुरुआत में, भारतीय डाक एवं दूरसंचार विभाग (आईपीएंडडी) द्वारा दूरसंचार सेवाएं प्रदान की गई थीं। वर्ष 1985 में दूरसंचार विभाग को भारतीय डाक एवं दूरसंचार विभाग से अलग कर दिया गया। दूरसंचार विभाग 1986 तक पूरे देश में दूरसंचार सेवाओं के लिए उत्तरदायी था जब महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) की स्थापना मेट्रो शहरों (दिल्ली और मुंबई) में दूरसंचार सेवाओं को चलाने के लिए की गई थी। तथापि, दूरसंचार क्षेत्र में, सरकार की वर्ष 1990 के दशक के आरंभ तक ही पूर्ण एकाधिकार था।

1.6 वर्ष 1994 में सरकार ने राष्ट्रीय दूरसंचार नीति (एनटीपी) की घोषणा की थी, जिसमें मांग पर टेलीफोन की उपलब्धता, उचित मूल्य पर विश्वस्तरीय सेवाओं को उपलब्ध कराया जाना, दूरसंचार उपकरणों के प्रमुख विनिर्माण/ निर्यात आधार के रूप में भारत का उद्भव सुनिश्चित करने और सभी गांवों में बुनियादी दूरसंचार सेवाओं की सार्वभौमिक उपलब्धता सहित कुछ महत्वपूर्ण उद्देश्यों को परिभाषित किया गया था। एनटीपी 1994 को लागू करने के लिए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा, संवर्धन और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त प्रबंध किए गए थे और वर्ष 1994 में भारतीय दूरसंचार क्षेत्र का उदारीकरण किया गया था। एनटीपी 1994, दूरसंचार सेवा क्षेत्र में विनियमन, उदारीकरण और निजी क्षेत्र की भागीदारी की दिशा में पहला कदम था।

1.7 सरकार ने शुरू में मूल्यवर्धित सेवाओं और सेल्युलर मोबाइल टेलीफोन सेवाओं (सीएमटीएस) के लिए और उसके बाद फिक्स्ड टेलीफोन सेवाओं (एफटीएस) के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी को चरणबद्ध तरीके से आमंत्रित किया। उदारीकरण के पहले चरण में, चार मेट्रो शहरों अर्थात् दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और चेन्नई में सीएमटीएस के लिए नवंबर 1994 में 08 निजी कंपनियों को (उच्चतम लाइसेंस शुल्क बोली लगाने वाले को प्राप्त करने के लिए बोली प्रक्रिया के माध्यम से) लाइसेंस जारी करने के साथ मोबाइल टेलीफोन सेवा की शुरूआत हुई। इसके पश्चात्, वर्ष 1995 से 1998 के दौरान 14 निजी कंपनियों को 18 प्रादेशिक दूरसंचार सर्किलों के लिए 34 लाइसेंस जारी किए गए। वर्ष 1997–98 के दौरान 04 बुनियादी दूरसंचार सेवाएं (फिक्स्ड लाइसेंस शुल्क) प्रदान करने के लिए निविदा के माध्यम से बोली लगाकर छह लाइसेंस प्रदान किए गए थे। । नवंबर 1998 में इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए निजी ऑपरेटरों के लिए इंटरनेट क्षेत्र खोला गया था।

1.8 वर्ष 1999 में नई दूरसंचार नीति जारी की गई थी, जिसका उद्देश्य टेली–घनत्व का तेजी से विस्तार करना था। इसमें ग्रामीण क्षेत्रों सहित सभी कवर नहीं किए गए क्षेत्रों में सार्वभौमिक सेवा मुहैया करवाना और देश की अर्थव्यवस्था की जरूरतों को पूरा करने में सक्षम उच्च स्तरीय सेवाएं उपलब्ध करवाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसने आईटी, मीडिया, दूरसंचार और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स के अभिसरण को ध्यान में रखते हुए एक आधुनिक और कुशल दूरसंचार बुनियादी ढांचा तैयार करने का उद्देश्य भी निर्धारित किया है और इस प्रकार भारत को सूचना प्रौद्योगिकी महाशक्ति बनने के लिए प्रेरित किया है। इसमें लाइसेंसधारियों को एक निश्चित लाइसेंस शुल्क व्यवस्था से राजस्व सहभागिता की व्यवस्था योजना (दिनांक 01 अगस्त, 1999 से) में अंतरण करने की भी अनुमति दी गई थी। नई योजना के तहत लाइसेंस शुल्क, सेवा प्रदाता के राजस्व के प्रतिशत के रूप में एकत्रित किया जाता है। पूर्व में, प्रत्येक सर्कल में दो ऑपरेटर थे, और वर्ष 1999 की नीति ने सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को सर्कल में तीसरे ऑपरेटर के रूप में कार्य करने की अनुमति प्रदान की।

1.9 तीसरा और चौथा सीएमटीएस लाइसेंसः सरकार ने एमटीएनएल को दिल्ली और मुंबई के सेवा क्षेत्रों के लिए वर्ष 1997 में लाइसेंस प्रदान किया था, और बीएसएनएल को दिल्ली और मुंबई को छोड़कर सभी सेवा क्षेत्रों के लिए वर्ष 2000 में तीसरे सेल्युलर मोबाइल ऑपरेटर के रूप में लाइसेंस दिया गया था। वर्ष 2001 में एक चौथा सेल्युलर मोबाइल सेवा प्रदाता में एक बहु–चरण बोली प्रक्रिया के माध्यम से इस क्षेत्र में आया। चार महानगर शहरों और 13 दूरसंचार सर्किलों में 20 वर्ष की अवधि के लिए 17 नए सीएमटीएस लाइसेंस जारी किए गए। एनएलडी और आईएलडी सेवाएं क्रमशः वर्ष 2000 और वर्ष 2002 में निजी ऑपरेटरों के लिए खोली गई थी।

1.10 नवंबर 2003 में, सरकार ने 'यूनिफाइड एक्सेस सर्विस लाइसेंस (यूएएसएल)' व्यवस्था लागू की। यूएएसएल ने किसी भी तकनीक का उपयोग करते हुए एक ही लाइसेंस के तहत निश्चित और/ अथवा मोबाइल सेवाओं दोनों की पेशकश करने के लिए एक पहुंच सेवा प्रदाता को अनुमति प्रदान की। यूएएसएल के तहत लाइसेंस वर्ष 2003, 2004, 2006, 2007 और वर्ष 2008 में 'पहले आओ पहले पाओ' (एफसीएफएस) के सिद्धांत का अनुपालन करते हुए प्रदान किए गए थे।

1.11 वर्ष 2010 में 3जी और बीडब्ल्यूए स्पेक्ट्रम की नीलामी की गई थी। इसके बाद, राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 2012 के माध्यम से सरकार ने लाइसेंस से स्पेक्ट्रम को अलग करने की घोषणा की।

1.12 राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 2012, सरकार द्वारा जून 2012 में जारी की गई थी। एनटीपी, 2012 का एक उद्देश्य लाइसेंसिंग ढांचे को सरल बनाना और सेवाओं और सेवा क्षेत्रों में एक राष्ट्र– एक लाइसेंस के सृजन के लिए प्रयास करना था। अर्थात, अभिसरण, स्पेक्ट्रम उदारीकरण के ज्ञात लाभों का दोहन करने के लिए एकीकृत लाइसेंस व्यवस्था की ओर बढ़ना और सेवाओं के संवितरण से लेकर अंतिम उपयोगकर्ताओं तक नेटवर्कों के लाइसेंस को अलग करने में मदद करना ताकि ऑपरेटर 'एक्टिव' और 'पेसिव' अवसंरचना को साझा करके अपने नेटवर्क और स्पेक्ट्रम का इष्टतम और कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें।

1.13 सरकार ने इस व्यवस्था को दो चरणों में लागू करने का निर्णय लिया, पहले चरण में, वर्ष 2013 में, यूएल व्यवस्था लागू की गई थी, और दूसरे चरण में, सेवाओं के वितरण से नेटवर्क के लिए लाइसेंस को अलग करने की दिशा में, एकीकृत लाइसेंस (वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटर) की एक नई श्रेणी वर्ष 2016 में आरंभ की गई थी।

1.14 एकीकृत लाइसेंस व्यवस्था वर्ष 2013 में अस्तित्व में आई। स्पेक्ट्रम का आवंटन लाइसेंस से अलग कर दिया गया था और इसे निर्धारित प्रक्रिया अर्थात् बोली प्रक्रिया के अनुसार अलग से प्राप्त करना होता है। संपूर्ण देश में सभी दूरसंचार सेवाओं के लिए केवल एक एकीकृत लाइसेंस की आवश्यकता है। सेवा प्रदाता प्रदान की जाने वाली सेवाओं का चयन कर सकता है, जिसे सेवा प्राधिकार कहा जाता है। यूएल में यथा अंतर्विष्ट विभिन्न सेवाओं के लिए प्राधिकारों, का उल्लेख नीचे किया गया है:

क) एकीकृत लाइसेंस (सभी सेवाएं)
ख) पहुंच सेवाएं (सेवा क्षेत्र वार)
ग) इंटरनेट सेवाएं (श्रेणी– क, अखिल भारतीय क्षेत्राधिकार सहित)
घ) इंटरनेट सेवाएं (श्रेणी– ख, एक सेवा क्षेत्र में क्षेत्राधिकार सहित)
ङ) इंटरनेट सेवा (श्रेणी– ग, 'सेकेंडरी स्विचिंग क्षेत्र' में क्षेत्राधिकार क्षेत्र सहित)
च) राष्ट्रीय लंबी दूरी (एनएलडी) सेवा
छ) अंतर्राष्ट्रीय लंबी दूरी (आईएलडी) सेवा
ज) ग्लोबल मोबाइल पर्सनल कम्युनिकेशन बॉय सैटेलाइट (जीएमपीसीएस) सेवा
झ) सार्वजनिक मोबाइल रेडियो ट्रंकिंग सेवा (पीएमआरटी)
ञ) वेरी स्मॉल अपर्चर टर्मिनल (वीसैट) क्लोज्ड यूजर ग्रुप (सीयूजी) सेवा
ट) इनसेट मोबाइल सैटेलाइट सिस्टम–रिपोर्टिंग (एमएसएस–आर) सेवा
ठ) इंटरनेशनल प्राइवेट लीज्ड सर्किट (आईपीएलसी) सेवा

एकीकृत लाइसेंस (सभी सेवाओं) हेतु प्राधिकार के अंतर्गत, उपर्युक्त सभी सेवा क्षेत्रों, (ग), (च) से (ठ) में सूचीबद्ध सभी सेवाओं को कवर किया गया है।

1.15 वर्ष 2016 में भारत में वर्चुअल नेटवर्क ऑपरेटरों (वीएनओ) को अनुमति प्रदान की गई। वीएनओ, सेवा प्रदाता ऑपरेटर (एसडीओ) हैं जिन्हें नेटवर्क सेवा ऑपरेटरों (एनएसओ) के विस्तार के रूप में माना जाता है, जिनके पास अंतर्निहित कोर नेटवर्क (एस) नहीं है, अर्थात् वीएनओ को अन्य एनएसओ के नेटवर्क से अंतर्संयोजन करने वाले उपकरण स्थापित करने की अनुमति नहीं है। वीएनओ को कोई भी स्पेक्ट्रम प्रदान नहीं किया गया है। पहुंच सेवाओं के लिए केवल एक एनएसओ के साथ 'पेरेंटिंग' की अनुमति प्रदान की जाती है। वीएनओ कोई भी अथवा सभी दूरसंचार सेवाएं प्रदान कर सकते हैं, जिन्हें मौजूदा दूरसंचार सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदान किया जा रहा है। यूएल (वीएनओ), यूएल के समानांतर एक व्यवस्था है। यह यूएल में यथा उपलब्ध सभी प्राधिकार प्रदान करता है। इसके अलावा, यह 'पहुंच सेवाएं श्रेणी ख' के लिए एक प्राधिकार की पेशकश करता है जिसमें सेवा क्षेत्र, किसी राज्य / केंद्र शासित प्रदेश का जिला है।

1.16 जैसा कि उपरोक्त से निष्कर्ष प्राप्त किया जा सकता है, बाजार और प्रौद्योगिकीय विकास को ध्यान में रखते हुए, समय के साथ लाइसेंसिंग व्यवस्था बेहतर होती गई है।

घ. परामर्श प्रक्रिया

1.17 इस व्यापक परामर्श पत्र को जारी करने से पहले, भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण ने हितधारकों से दिनांक 09 दिसंबर, 2019 के ''विभेदक लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों की 'अनबंडलिंग' को सक्षम बनाने'' पर एक पूर्व परामर्श पत्र के माध्यम से लाइसेंस की अनबंडलिंग के लिए व्यापक ढांचे पर हितधारकों से जानकारी मांगी। लिखित टिप्पणी प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि, दिनांक 27 जनवरी, 2020 थी। 18 हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त हुईं। पूर्व परामर्श पत्र में उठाए गए मुद्दों और प्राप्त टिप्पणियों के ब्योरे पर अध्याय 2 में चर्चा की गई है। हितधारकों से प्राप्त जानकारी, अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों और आंतरिक विश्लेषण से प्राप्त जानकारी के आधार पर, यह परामर्श पत्र तैयार किया गया है जिसमें इस परामर्श पत्र में उठाए गए विशिष्ट मुद्दों पर हितधारकों से जानकारी मांगी गई है।

1.18 इस परामर्श पत्र में पांच अध्याय हैं। अध्याय– 1 पृष्ठभूमि की जानकारी प्रदान करता है, अध्याय– 2 पूर्व परामर्श पत्र और हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों के बारे में विवरण प्रदान करता है, अध्याय– 3, विभिन्न देशों में अपनाई गई दूरसंचार लाइसेंसिंग के बारे में अंतर्राष्ट्रीय पद्धतियों पर संक्षेप में चर्चा करता है, अध्याय– 4 जांच करता तथा मुद्दों को उठाता है, और अध्याय– 5 परामर्श के लिए मुद्दे उपलब्ध कराता है।

## अध्याय दो

## पूर्व–परामर्श प्रक्रिया

2.1 'प्रोपेल इंडिया' मिशन के अंतर्गत एनडीसीपी, 2018 में अन्य बातों के साथ– साथ इसका उल्लेख है कि नई प्रौद्योगिकियों, सेवाओं, कारोबार मॉडलों और कंपनियों के आगमन के साथ डिजिटल संचार अवसंरचना और सेवा क्षेत्र में हाल के दिनों में एक अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिला है। अतः नई प्रौद्योगिकी मशीनों के इष्टतम उपयोग और इनके लाभ प्राप्त करने हेतु निवेश और नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यमान लाइसेंसिंग, विनियामक, और संसाधन आबंटन ढ़ांचे की समीक्षा करना बहुत आवश्यक है। इसमें डिजिटल संचार क्षेत्र हेतु निवेश उत्प्रेरण हेतु एक रणनीति के रूप में खास लाइसेंसिंग के जरिये विभिन्न परतों (अर्थात् अवसंरचना, नेटवर्क, सेवाएं और अनुप्रयोग परत) को खोलने में सक्षम बनाए जाने का उल्लेख है। एनडीसीपी 2018 को ध्यान में रखते हुए डिओटी ने भादूविप्रा से अनुरोध किया कि वह खास लाइसेंसिंग के माध्यम से विभिन्न परतों को खोलने में समर्थ बनाने के संबंध में अपनी सिफारिश दे।

2.2 वर्तमान लाइसेंसिंग व्यवस्था के अनुसार एकीकृत लाइसेंस के अंतर्गत अवसंरचना, नेटवर्क, और सेवा देने वाली कंपनियां को अलग–अलग नहीं किया जाता है और ये एकीकृत लाइसेंस का हिस्सा होते हैं। तथापि, अवसंरचना परत को सीमित कार्यक्षेत्र के साथ भी अवसंरचना प्रदाता श्रेणी – 1(आईपी–1) के रूप में खोला जाता है। यदि आईपी–1 प्रदाता का कार्यक्षेत्र बढ़ाया जाता है और इसमें सक्रिय अवसंरचना तत्वों को भी शामिल किया जाता है तो यह सही मायने में स्वतंत्र अवसंरचना

परत के उद्देश्य को पूरा करेगा। बाद में, भादूविप्रा ने अवसंरचना प्रदाता श्रेणी–1 (आईपी – 1), जो निम्नवत वेबसाइट https://trai.gov.in/sites/default/files/Recommendations_13032020.pdf पर उपलब्ध है, के कार्यक्षेत्र को बढ़ाने' के संबंध में दिनांक 13 मार्च, 2020 को अपनी सिफारिश दी है।

2.3 इसके अतिरिक्त, एकीकृत लाइसेंस सेवा–विशिष्ट नेटवर्क को स्थापित करने हेतु क्षेत्र–वार प्राधिकार देता है और अधिकृत सेवाएं प्रदान करता है। उदाहरण के लिए पहुंच सेवा प्राधिकार के मामले में नेटवर्क का सृजन और सेवा प्रदान करना दोनों का प्रावधान लाइसेंस में किया गया है। नेटवर्क प्रचालन के साथ–साथ ऐसे यूएल लाइसेंसधारी उसी प्राधिकार के तहत उपभोक्ताओं को सेवाएं भी प्रदान कर रहे हैं। सेवा परत से नेटवर्क परत का कोई पृथक्करण नहीं है। यूएल के लाइसेंसधारी नेटवर्क स्थापति करते हैं, इसकी देख–रेख करते हैं, सब्सक्राइबरों को सेवाएं प्रदान करते हैं, प्रशुल्क, बिलिंग, क्यूओएस, कस्टमर केयर आदि का प्रबंधन करते हैं।

2.4 यूएल (वीएनओ) सेवा परत को नेटवर्क परत से अलग करने का प्रयास करता है। सेवा परत के लिए यूएल (वीएनओ) की वर्तमान व्यवस्था इस योजना को शुरू करने के लिए उपयुक्त हो सकती है। वर्तमान में सेवा प्रदान करने हेतु यूएल (वीएनओ) लाइसेंस कतिपय दूरसंचार सेवाओं यथा इंटरनेट और लंबी दूरी की सेवाओं में पूर्णतः सफल है। तथापि, मोबाइल सेवाओं के लिए वीएनओ विद्यमान नेटवर्क आपरेटरों को नही चुन रहे हैं, अर्थात् एकीकृत लाइसेंसधारक स्वयं ही सब्सक्राइबरों को खुदरा आधार पर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं; और उन्हें वीएनओ को थोक आधार पर नेटवर्क सेवाएं (बल्क सेवाएं) प्रदान करने में कोई वाणिज्यिक हित नही लगा, जो सब्सक्राइबरों को इसे खुदरा आधार पर दे सकते हैं। तथापि इसे नोट किया गया कि एक पीएसयू सेवा प्रदाता ने कुछ वीएनओ के लिए नेटवर्क सेवाओं का आफर दिया है।

2.5 नेटवर्क परत और सेवा परत को शुरू करने में स्वतंत्र नेटवर्क सेवा प्रदाता/ आपरेटर का एक सिद्धांत होता है जो सेवा प्रदाता/ आपरेटर नेटवर्क को स्थापित करेगा और खुदरा आधार पर सेवा देने के उद्देश्य के लिए सेवा देने वाले आपरेटर के लिए थोक आधार पर सेवाएं बेचेगा। चूंकि यूएल के वर्तमान लाइसेंसधारियों के पास अपने नेटवर्क हैं और उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान कर रहे हैं, इसलिए उनके लिए दो परतों में अपने कार्यों को अलग–अलग करना तथा अलग से नेटवर्क सेवा प्रदाता व सेवा प्रदाता आपरेटर के रूप में कार्य करना कठिन हो सकता है। तथापि, एक समानांतर व्यवस्था, जहां केवल नेटवर्क स्थापित करने, इसकी देख–रेख करने, और खुदरा सेवा प्रदान करने के उद्देश्य के लिए सेवा प्रदाता आपरेटरों को थोक आधार पर सेवा बेचने के लिए लाइसेंस दिया जा सकता है, में समर्थ बनाना संभव है। ऐसी व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए ऐसे एकल नेटवर्क आपरेटरों, जो भेदभाव रहित आधार पर केवल नेटवर्क परत सेवाएं प्रदान करेगा के लिए कुछ प्रोत्साहन दिया जा सकता है।

2.6 एप्लिकेशन परत में वे एप्लिकेशन प्रदाता शामिल होते हैं जो दूरसंचार संसाधनों का उपयोग करते हुए विभिन्न क्षेत्रों को विभिन्न एप्लिकेशन सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। मशीन से मशीन (एम2एम) संचार, आईओटी, क्लाउड सेवाओं, डाटा केंद्रों, ई–कॉमर्स आदि जैसी प्रौद्योगिकियों के साथ विभिन्न एप्लिकेशन प्रदाता इस क्षेत्र में हैं, और वे इन दूरसंचार संसाधनों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भादूविप्रा ने ऐसी कंपनियों के लिए बहुत ही सामान्य विनियम के साथ एम2एम, क्लाउड सेवाओं, अन्य सेवा प्रदाताओं (ओएसपी), आदि के संबंध में पहले ही अपनी सिफारिश की है।

2.7 बढ़ते डिजिटलीकरण के साथ दूरसंचार क्षेत्र और अधिक महत्वपूर्ण बन गया है। दूरसंचार सुविधाएं सभी क्षेत्रों के आधार के रूप में कार्य करती हैं। इसके अतिरिक्त, अगली पीढ़ी की मोबाईल प्रौद्योगिकी अर्थात् 5जी न सिर्फ दूरसंचार क्षेत्र में बल्कि सभी क्षेत्रों और अधिक उपयोगों में सहायता करेगी। 5जी नेटवर्क स्लाइसिंग जैसी प्रौद्योगिकी को सपोर्ट करता है जो इसे सेवा के रूप में नेटवर्क (एनएएएस) प्रदान करने में इसे समर्थ बनाता है। साथ ही साथ 5जी को इस नेटवर्क के घनीभवन के लिए लघु सेलों को स्थापित करने की आवश्यकता होगी जिसके लिए बहुत पूंजी निवेश की आवश्यकता होगी। संपूर्ण राष्ट्र को लागत प्रभावी तरीके से सेवा प्रदान करने के लिए यह आवश्यक है कि दूरसंचार संसाधन साझेदारी अधिक बड़े स्तर पर हो।

इसलिए, यह आवश्यक है कि लाइसेंस और विनियामक व्यवस्था में सुधार किया जाता है ताकि निर्मित संसधन साझेदारी (नेटवर्क सहित) प्रदान किया जा सके तथा गैर दूरसंचार क्षेत्रों सहित सभी क्षेत्रों को समर्थ बनाया जा सके जिससे कि प्रौद्योगिकी विकास से लाभ प्राप्त हो। विभिन्न गैर– दूरसंचार क्षेत्रों के लिए कई एप्लिकेशन होंगे, तथापि, वे सेवाओं के प्रावधान के लिए दूरसंचार संसाधनों का इस्तेमाल करेंगे। एप्लिकेशन बाजार बहुत बड़ा होगा और प्रत्येक सेवा टीएसपी द्वारा प्रदान या प्रबंधित नहीं किया जा सकता है, जिसके लिए नवाचार और क्षेत्र विशिष्ट जानकारी की आवश्यकता होगी।

2.8 विभिन्न परतों को शुरू करने से दूरसंचार संसाधनों की साझेदारी का अवसर प्राप्त होगा और इससे इसका इष्टतम उपयोग होगा, जो एनडीसीपी, 2018 में परिभाषित उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान देगा। यह अवसंरचना स्वामियों/ सेवा प्रदाताओं के लिए अतिरिक्त राजस्व संसाधन भी सृजित करेगा। इससे निवेश और नवाचार के उत्प्रेरण करने, लागत कम करने और अवसंरचना के प्रभावी उपयोग में और सहायता प्राप्त होगी।

2.9 सूचना संचार प्रौद्योगिकी और प्रसारण बाजार के प्रसार के साथ विभिन्न देश नई और नवाचारी सेवाओं, मूल्यों में कमी व सेवाओं के प्रावधान में कार्यकुशलता में बढ़ोतरी तथा सब्सक्राइबवरों हेतु विभिन्न आफरों बढ़ाने के प्रावधान को बढ़ावा देने के उद्देश्य के साथ अभिसारी सेवाओं के विकास, और बाजार के विस्तार एवं प्रतिस्पर्धा को सहायता प्रदान करने के लिए अपने दूरसंचार विनियमों में संशोधन कर रहे हैं।

2.10 इस पृष्ठभूमि के साथ इन मुद्दों को प्रकट करने हेतु हितधारकों को अनुरोध करते हुए दिनांक 9 दिसम्बर, 2019 को एक परामर्श पूर्व प्रपत्र जारी किया गया था, जिन मुद्दों पर दूरसंचार सेवाओं के विभिन्न परतों को शुरू करने और ऐसी लाइसेंस व्यवस्था को सुकर बनाने के लिए लाइसेंस संबंधी शर्तों में अपेक्षित बदलाव हेतु विचार किए जाने की आवश्यकता है। पूर्व–परामर्श प्रपत्र के उत्तर में प्राधिकरण (भादूविप्रा) को 18 हितधारकों से टिप्पणियां प्राप्त हुईं जो भादूविप्रा की वेबसाइट www.trai.gov.in पर उपलब्ध है। पूर्व–परामर्श प्रपत्र में उठाए गए प्रश्नों और हितधारकों से प्राप्त टिप्पणियों का सार नीचे दिया गया है।

*प्रश्न 1: आपके विचार से शुरू की गयी लाइसेंस व्यवस्था वाली सेवाओं के संभावित लाभ और अनुमानित समस्याएं क्या हो सकती हैं? कृपया वे उपाय बताएं जिन्हें प्रत्याशित समस्याओं (यदि कोई हो) से निपटने के लिए किये जा सकते हैं?*

2.11 जहां कुछ हितधारक लाइसेंस के विभिन्न परतों को शुरू किए जाने के पक्ष में थे वहीं कई हितधारक इस लाइसेंस व्यवस्था में किसी भी बदलाव के पक्ष में नहीं थे।

2.12 कुछ हितधारकों ने शुरू की गयी लाइसेंस व्यवस्था का समर्थन किया और मत दिया कि विभिन्न परतों (अवसंरचना, नेटवर्क, सेवाओं, और एप्लिकेशन) को अपने संबंधित लाइसेंसिंग/ पंजीकरण के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से कार्य करने की अनुमति होनी चाहिए, जो नवाचार, उद्योग–विशिष्ट उत्पादों के विकास के अनुकूल होगा, 5जी जैसी नयी प्रौद्योगिकी को तेजी से शुरू करने में समर्थ होगा, और सरकार के डिजिटल इंडिया मिशन की प्राप्ति में समर्थ होगा। इन हितधारकों द्वारा सूचीबद्ध शुरू की गयी लाइसेंस व्यवस्था के अन्य लाभ थे:

(क) इससे संबंधित लाइसेंसधारियों को नई और नवोन्मेषी सेवाओं को विकसित करने और प्रदान करने पर विशेष ध्यान देने की और गुंजाइश होगी।

(ख) यह नेटवर्क अवसंरचना और स्पेक्ट्रम के कुशल उपयोग को सुकर बना सकता है।

(ग) विद्यमान विनियामक व्यवस्था 'वॉयस' आधारित नेटवर्क है तथा नवोन्मेषी डिजिटल सेवाओं में समर्थ बनाने हेतु एक अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए उन्हें कई परतों में अलग करके आधुनिक समय के आंकड़ा–प्रधान नेटवर्कों के लिए संरेखण किए जाने की आवश्यकता है।

(घ) यह विभिन्न नियमों और अनुपालन अपेक्षाओं को समर्थ बनाएगा, और विशिष्ट नीति निर्णय पर आधारित विशिष्ट परतों की प्राथमिकता अथवा प्रोत्साहन का विस्तार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, संवर्धित प्रतिस्पर्धा में समर्थ बनाने के लिए विशिष्ट परतों, कम जटिल अनुपालन ढ़ांचा हेतु इन नियमों को लागू करने से विनियामक लेवी को कम किया जा सकता है, जिससे उपभोक्ता विकल्प में विस्तार हो और मूल्य प्रतिस्पर्धी हो, तथा 5जी और एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों का बेहतर उपयोग किया जाएगा।

2.13 कई हितधारकों ने यह कहा कि वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था परत वाले दृष्टिकोण (अर्थात् अवसंरचना, सेवा और एप्लिकेशन) का समर्थन करती है और यह बहुत ही संतुलित है; इसलिए, इस लाइसेंस व्यवस्था में किसी बदलाव की कोई आवश्यकता नहीं है। इन हितधारकों द्वारा उल्लिखित अन्य बिंदु हैं:

(क) लाइसेंस व्यवस्था शुरू करने का तात्पर्य एकीकृत लाइसेंस और अभिसरण के सिद्धांतों से दूर होना है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था में किसी प्रकार के बदलाव से विद्यमान कंपनियों पर भार बढ सकता है और इससे जटिलताओं और अनुपालन अपेक्षाओं में बढ़ोतरी हो सकती है।

(ख) लाइसेंस व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव (एक) नवोन्मेष को बढ़ावा देने, (दो) निवेश आकृष्ट करने, और (तीन) साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए किया गया है; अब तक विद्यमान टीएसपी द्वारा निवेश में कोई कमी नहीं आयी है, और देश को बहुत अधिक लाभ प्राप्त हुआ है; विद्यमान पारिस्थितिकी प्रणाली ने नवोन्मेषी सेवाओं, ओटीटी एप्लिकेशन, एम2एम एप्लिकेशन आदि को दूरसंचार अवसंरचनाओं पर भी समर्थ बनाया है। इसके अतिरिक्त, अधिकांश टीएसपी ने अब साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए आईपी–आईएस को अलग करने हेतु अपनी फाइबर अवसंरचना को सौंपा है। यह अवसंरचना लाइसेंसयुक्त टीएसपी में स्पेक्ट्रम की साझेदारी और सक्रिय अवसंरचना की भी साक्षी रही है। इसलिए, किसी नए लाइसेंस रूपरेखा को लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

(ग) पुनः समग्र विनियामक व्यवस्था में बदलाव करने की अपेक्षा प्राधिकरण विभिन्न हितधारकों के समक्ष आ रहे मुद्दों की सूची मांगते हुए विचार कर सकता है तथा इन महत्वपूर्ण मुद्दों के समाधान में हितधारकों का मार्गनिर्देशन और सहायता कर सकता है ताकि यह सुनिश्चित हो कि इस एकीकृत लाइसेंस व्यवस्था को शुरू करने के पीछे का उद्देश्य प्रभावी रूप से प्राप्त कर लिया गया है।

(घ) यदि सभी एप्लिकेशन प्रदाताओं को लाइसेंस की आवश्यकता होगी तो सभी नवोन्मेष जिसमें दूरसंचार शामिल है, रूक जाएगा। शायद, परत के माध्यम से बहुत सारे लाइसेंसों के सृजन के बदले एकल दूरसंचार लाइसेंस (अथवा पंजीकरण के लिए भी) पाने और लाइसेंस/ पंजीकरण धारकों को यह निर्णय कि दूरसंचार उद्योग के किन पहलुओं को वे दूर करना चाहते हैं, करने के लिए एक अधिक प्रभावी प्रणाली होगी।

(ड.) आईपी–आईएस पहले से ही पंजीकरण में शामिल है, अतः इसे लाइसेंस व्यवस्था में नहीं लाया जाना चाहिए।

2.14 पूर्व–परामर्श प्रपत्र के प्रश्न संख्या 1 में हितधारकों से यह भी अनुरोध किया गया कि वे उन उपायों का सुझाव दें जिन्हें प्रत्याशित समस्याओं (यदि कोई हो) को दूर करने के लिए किया जा सकता है। प्रत्युत्तर में एक हितधारक ने यह उल्लेख किया कि चूंकि डिजिटल सेवाएं बहुत सारे आंकड़ों को सृजित करती है।, इसलिए आंकड़ा सुरक्षा, संरक्षा और निजता संबंधी विनियमों का उनके प्रावधान पर सीधा असर होता है। 4जी अथवा 5जी, क्लाउड कंप्युटिंग, आदि सेवा क्षेत्र से नियंत्रण क्षमता को सशक्त बनाता है। डिजिटल सेवाओं को सुरक्षित रखने /नियंत्रित करने के लिए केवल दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिबंध/ नियंत्रण लगाने से संभावित रूप से या तो नवोन्मेष दबाया जाएगा अथवा इसके परिणामस्वरूप सेवा हेतु लागत में बढ़ोतरी होगी जिसके कारण इन मुद्दों को स्वीकारना होगा। एक अन्य पणधारक ने उल्लेख किया कि पदस्थ आपरेटरों को शुरू करने से रोकने के लिए मौद्रिक क्षतिपूर्ति, अनिवार्य नेटवर्क साझेदारी, गैर–अनुपालन के लिए शास्ति लगाने, साझा नहीं किए जाने के

लिए प्रशुल्कों में बढ़ोतरी का सुझाव दिया गया है। यह भी प्रस्ताव दिया गया कि सभी आपरेटरों को रचनात्मक साझेदारी को सुनिश्चित करने के लिए अपने उपयुक्त किए गए और उपलब्ध संसाधनों की वार्षिक आधार पर लाइसेंसधारी के लिए घोषणा करनी चाहिए। अंतर्निहित दूरसंचार अवसंरचना प्रणाली की साझेदारी के लिए वाणिज्यिक शर्तों का निर्धारण टीएसपी प्रदाता द्वारा पारदर्शी, उचित और भेदभाव रहित तरीके से किया जा सकता है।

2.15 एक हितधारक द्वारा सब्सक्राइबरों की पहचान, पता लगाने की क्षमता और उत्तरदायित्व, प्रत्येक सब्सक्राइबर के लिए एक ही केवाईसी मानदंडों को अधिदेशित करने तथा एप्लिकेशन सेवा प्रदाताओं द्वारा प्रदत्त प्रत्येक एप्लिकेशन सेवा हेतु किसी कानून प्रवर्तन हेतु लेखांकन के संबंध में प्रत्याशित समस्याओं के संदर्भ में सुझाव दिए गए हैं।

2.16 एक हितधारक ने उल्लेख किया कि डिजिटल सेवा नीति निरूपण हेतु निकट अंतर्विभागीय समन्वय के लिए डिओटी की आवश्यकता है और भादूविप्रा को विभिन्न मंत्रालयों/सरकारी एजेंसियों द्वारा उल्लेख की जा रही किसी भी डिजिटल सेवा के लिए विचारण के दौरान अनिवार्य रूप से अलग रखा जाना चाहिए।

*प्रश्न 2: यदि लाइसेंस की विभिन्न परतों को शुरू करने का निर्णय लिया जाता है:*

*(क) विभिन्न परतें और उनके कार्यक्षेत्र क्या होने चाहिएं? ऐसे ढ़ांचे को समर्थ बनाने के लिए लाइसेंस व्यवस्था में किस प्रकार के बदलाव आवश्यक होंगे?*

*(ख) क्या लाइसेंस की एक नई व्यवस्था होनी चाहिए जिस पर विद्यमान लाइसेंसधारियों को एक विनिर्दिष्ट समय–सीमा में इसे अपनाना चाहिए अथवा लाइसेंस की शुरू की गयी परतों के लिए एक समानांतर प्रोत्साहनयुक्त लाइसेंस व्यवस्था होनी चाहिए?*

2.17 अधिकांश हितधारकों ने इसे दोहराया कि वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था बहुत ही संतुलित है और दूरसंचार संसाधनों के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करते हुए यह परतों के अपेक्षित पृथक्करण के लिए स्थान प्रदान करता है, और वर्तमान लाइसेंस व्यवस्था में कोई बदलाव नहीं किया जाए क्योंकि इससे विद्यमान परतों के लिए भार में वृद्धि हो सकती है। लाइसेंस की विभिन्न परतों को शुरू करने के पक्षधर कुछ हितधारकों ने अलग–अलग मॉडलों का सुझाव दिया और स्थानांतरण अथवा समानांतर लाइसेंस व्यवस्था का सुझाव दिया। हितधारकों द्वारा सुझाए गए ऐसे मॉडल निम्न प्रकार हैं:

(क) मॉडल संख्या 1

2.18 इस मॉडल में यह सुझाव दिया गया है कि लाइसेंस व्यवस्था को तीन परतों यथा नेटवर्क अवसंरचना सेवा प्रदाता (एनआईएसपी) परत, नेटवर्क सेवा प्रदाता (एनएसपी) परत, डिजिटल सेवा प्रदाता (डीएसपी) परत में विभक्त किया किया जाना चाहिए। स्वर, संदेश और आंकड़ा संबंधी सेवाएं एनआईएसपी परत के उत्पाद होंगे, और इन्हें केवल पंजीकृत एनएसपी और डीएसपी को गैर–भेदभाव आधार पर बेचा जा सकता है। एनएसपी और डीएसपी अपने उपभोक्ताओं को इन सेवाओं की बिक्री करेगा।

<table>
<tr><td>नेटवर्क सेवा प्रदाता</td><td>डिजिटल सेवा प्रदाता</td></tr>
<tr><td colspan="2">नेटवर्क अवसंरचना सेवा प्रदाता</td></tr>
</table>

(एक) एनआईएसपी परत में भौतिक अवसंरचना, सक्रिय और निष्क्रिय संघटक, और दूरसंचार नेटवर्क को स्थापित करने के लिए अपेक्षित नेटवर्क संघटकों के क्लाउड–आधारित दृष्टांत शामिल होंगे। स्वर, संदेश और आंकड़ा संबंधी सेवाएं एनआईएसपी परत के उत्पाद होंगे, और इन्हें केवल पंजीकृत एनएसपी और डीएसपी को गैर–भेदभाव आधार पर बेचा जा सकता है।

(दो) एनएसपी खुदरा और कार्पोरेट उपभोक्ताओं को उनके स्वयं के इस्तेमाल के लिए केवल मूलभूत सेवाएं यथा स्वर, संदेश और डाटा कनेक्टिविटी बेचेंगे।

(तीन) डीएसपी अपने उपभोक्ताओं को इसे एक थोक सेवा में रूप में बेचने से पूर्व एनएसआईपी की मूलभूत नेटवर्क सेवाओं के लिए पर्याप्त मूल्यवर्धन करेंगे।

2.19 इस मॉडल में हितधारक ने यह प्रस्ताव किया है कि सेवा उपयोग मापन मैट्रिक एनआईएसपी का उत्पाद (स्वर, संदेश और डाटा) होगा, और सेवा प्रशुल्क परिभाषा एक स्वतंत्र कार्यकलाप के रूप में एनएसपी और डीएसपी द्वारा दी जाएगी। एनआईएसपी के गैर–प्रतिस्पर्धी प्रचलनों से बचने के लिए उनकी सेवाओं को 'मार्गावरोध सेवाओं' के रूप में घोषित किया जाएगा, और इसलिए, समयबद्ध प्रावधान का अधिदेश एवं सेवाओं का पुनर्विन्यास होगा जो एनएसपी और डीएसपी द्वारा मांग की जाती है। समग्र बहु–परतयुक्त सेवा पारिस्थितिकी हेतु अस्थायी संपर्क वाले विनियम का प्रस्ताव किया जाता है, जो बहु सेवा प्रदाताओं द्वारा नेटवर्क अवसंरचना में निवेश को सुकर बनाएगा, और यह खुदरा सेवाओं के लिए प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा। इससे अवसंरचना क्षमता उपयोग अधिकतम होगा; भेदभाव रहित सेवाओं का प्रावधान होगा; नवाचार के लिए समरूप माहौल सृजित होगा; डिजाइन सिद्धांत द्वारा सुरक्षा के अधिदेशित कार्यान्वयन के माध्यम से बेहतर और फोकस वाले सुरक्षा नियंत्रण के लिए माहौल सृजित होगा; नवोन्मेषी प्रौद्योगिकी सेवाओं का त्वरित और बेहतर विकास होगा और स्वीकार किया जाएगा; और इससे सरकार की स्मार्ट सिटी व अन्य डिजिटल कार्यक्रमों का त्वरित और बेहतर कार्यान्वयन होगा। इसके अतिरिक्त, इससे लेखांकन, कराधान और लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं को सरलीकृत करने में सहायता मिलेगी तथा कम रिपोर्ट करने के मामले रूकेंगे।

2.20 इस मॉडल के लिए, संस्तुत बदलावों में दूरसंचार सेवाओं से दूरसंचार अवसंरचना का पूर्ण विभाजन शामिल है। केवल एनआईएसपी परत डिओटी के लाइसेंस के तहत होगा जिस पर एक प्रशासनिक शुल्क (राजस्व का 1 प्रतिशत) लाइसेंस शुल्क अथवा स्पेक्ट्रम उपयोग प्रशुल्क के बदले प्रभारित होगा; एनएसपी और डीएसपी को डिओटी के पास पंजीकृत किया जाएगा, और उनके द्वारा प्रदान की गयी सेवाओं पर केवल जीएसटी प्रभारित होगा। इसके अतिरिक्त, विद्यमान लाइसेंसधारियों को विनिर्दिष्ट समय–सीमा में स्थानांतरण करना चाहिए।

(ख) मॉडल संख्या 2

2.21 इस संस्तुत मॉडल में नेटवर्क अवसंरचना प्रदाता (एनआईपी), नेटवर्क सेवा प्रदाता (एनएसपी), सेवा प्रदाता आपरेटर (एसडीओ) शामिल होगा।

| गैर–क्लॉउड एसडीओ | क्लॉउड एसडीओ |
|---|---|
| सेवा प्रदाता आपरेटर | |
| नेटवर्क सेवा प्रदाता | |
| नेटवर्क अवसंरचना प्रदाता | |

(एक) एनआईपी एक विश्वसनीय नेटवर्क तैयार करने के लिए एनएसपी को आधार नेटवर्क संघटक प्रदान करने के लिए उत्तरदायी होगा।

(दो) एनएसपी एनआईपी द्वारा प्रदत्त संघटकों का उपयोग करते हुए एक मजबूत नेटवर्क तैयार करेगा और वह सरकार से स्पेक्ट्रम का हकदार होगा। सभी नेटवर्क संबंधी मुद्दे एनएसपी के मुख्य उत्तरदायित्व होंगे। यह अंतिम उपभोक्ता को सीधे सेवा प्रदान कर सकता है तथा उद्योग–विशिष्ट ग्राहकीकरण प्रदान करने और नए नवाचारों का लाभ लेने के लिए एसडीओ के साथ भी जुड़ सकता है।

(तीन) एसडीओ एनएसपी से दूरसंचार संसाधन लेगा और उद्योग–विशिष्ट ग्राहकीकरण में संसाधनों को सम्मिलित करेगा। इसके अतिरिक्त, एसडीओ को क्लाउड एसडीओ और गैर–क्लाउड एसडीओ में विभाजित किया जा सकता है। गैर–क्लाउड एसडीओ को किसी विशेष भौगोलिक स्थान तक सीमित किया जा सकता है। क्लाउड एसडीओ केवल क्लॉउड के उपर अंतिम उपभोक्ता को सेवाएं प्रदान करेगा, और किसी वास्तविक संरचना को स्थापित करने की कोई आवश्यकता नहीं होगी, और एक स्थान से संपूर्ण भारत को सेवाएं भी प्रदान कर सकता है।

2.22 इस मॉडल के लिए संस्तुत बदलावों में यह शामिल है कि वीएनओ लाइसेंस को एसडीओ लाइसेंस में परिवर्तित किया जाए और इसे और भी सरल बनाया जाए। एसडीओ को एक ही लाइसेंस में संपूर्ण भारत को सभी दूरंसचार संसाधनों यथा मोबाईल नम्बर (वीएमएनः वर्चुअल मोबाईल नम्बर), टोल फ्री नम्बर, लैंडलाइन नम्बर, वॉयस कॉल आदि प्रदान करने में समर्थ होना चाहिए। ये संभावनाएं विद्यमान वीएनओ लाइसेंस में शामिल नहीं हैं। इसके अतिरिक्त, क्लाउड एसडीओ के उपयोग संबंधी मामलों हेतु अनुमति के लिए एक क्लाउड वीएनओ लाइसेंस होना चाहिए। एनएसपी और अंतिम कारोबारी उपभोक्ता के बीच एसडीओ के प्रावधान से एनएसपी से आवश्यकता आधार पर उपभोक्ताओं के लिए एक नवोन्मेषी समाधान विकसित हो सकता है, और इससे एक बार उपयोग मामलों में समर्थ बनाने में सहायता मिलेगी।

(ग) मॉडल संख्या 3

2.23 यह मॉडल सिंगापुर की तर्ज पर है जिसमें दो परतें हैंः सुविधा – आधारित आपरेटर (एफबीओ) और सेवा – आधारित आपरेटर (एसबीओ)।

| |
|---|
| सुविधा – आधारित आपरेटर |
| सेवा – आधारित आपरेटर |

(एक) एफबीओ का तात्पर्य सभी दूरसंचार सेवाओं/ एप्लिकेशन सेवा प्रदान करने हेतु निर्मित समग्र अंतर्निहित नेटवर्क अवसंरचना है, सभी विद्यमान यूएल लाइसेंसधारी किसी नए समानांतर प्रोत्साहन की आवश्यकता के बिना इस ढ़ांचे में स्थानांतरित हो सकते हैं।

(दो) एसबीओ में सभी ओएसपी/ यूएल–वीएनओ / ऑडियोटेक्स्ट/ आदि, शामिल होंगी, ये वैसी सेवाएं हैं जो किसी सुरक्षा/ केवाईसी/ लेखा सत्यापन आवश्यकताओं पर समझौता किए बिना अस्थायी विनियम के साथ एकल सेवा आधारित परिचालन विनियामक ढ़ांचे में परिवर्तित हो सकती हैं।

(घ) मॉडल संख्या 4

2.24 इस संस्तुत मॉडल में दो परत होंगेः अवसंरचना परत और सेवा परत। अवसंरचना परत के लिए सक्रिय अवसंरचना की साझेदारी संबंधी प्रतिबंध को संशोधित किया जाएगा, और सेवा परत के लिए विनियामक ढ़ांचे में किसी नए बदलाव में प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए अस्थायी संपर्क शामिल होना चाहिए। इसके अतिरिक्त, यह प्रस्ताव किया जाता है कि नई लाइसेंस व्यवस्था में उन मुद्दों के लिए कार्यक्षेत्र का विस्तार होना चाहिए जो बाजार ताकतों से समाधान योग्य नहीं हो और उपभोक्ताओं के विरूद्ध हो।

| |
|---|
| सेवा |
| अवसंरचना |

2.25 विद्यमान लाइसेंसधारकों को नई व्यवस्था में जाने के संदर्भ में एक हितधारक ने प्रस्ताव किया कि विद्यमान लाइसेंसधारकों को एक निर्धारित समय–सीमा के भीतर स्थानांतररण करना चाहिए और अन्य हितधारक जो लाइसेंस के लिए आवेदन करना चाहते हैं, वे नई लाइसेंस व्यवस्था में सीधे आवेदन कर सकते हैं, क्योंकि समानांतर प्रोत्साहनयुक्त लाइसेंस व्यवस्था इसे लागू करने में और अधिक जटिल बनाएगी। कुछ हितधारकों ने सुझाव दिया कि यह परिवर्तन या तो विद्यमान लाइसेंसों की समाप्ति पर होना चाहिए अथवा नई व्यवस्था में जाने की गति हेतु प्रोत्साहन के माध्यम से होना चाहिए किंतु कोई बाध्यकारी परिवर्तन नहीं हो सकता है; इसके अतिरिक्त, सभी हितधारकों के लिए समान कार्य अवसर प्रदान किया जाएगा।

*प्रश्न 3: यदि आपका यह मत हो कि इस लाइसेंस के विभिन्न परतों को लागू करने की कोई आवश्यकता नहीं है, तो (एक) विद्यमान संसाधनों की उपयोगिता में बढ़ोतरी करने हेतु साझेदारी को बढ़ाने, और (दो) डिजिटल संचार क्षेत्र में निवेश और नवोन्मेष को उत्प्रेरित करने के लिए विद्यमान लाइसेंस व्यवस्था में क्या बदलाव किया जाना चाहिए?*

2.26 कुछ हितधारकों ने विद्यमान टीएसपी में उपयुक्त नीति और वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करने का प्रस्ताव दिया यथा एजीआर, एलएफ और एसयूसी के उद्देश्य के लिए अनुमति देना ताकि जब एक टीएसपी से दूसरे टीएसपी में भुगतान किया जाता है तो सक्रिय अवसंरचना साझेदारी को सुकर बनाया जा सके; अवसंरचना साझेदारी को और उदार बनाया जाना चाहिए ताकि एमएससी, एचएलआर, आईएन आदि जैसी मुख्य अवसंरचना की यूएएसएल/ यूएल (पहुंच/ एनएलडी/ आईएलडी/ आईएसपी/ वीएसएटी अधिकार–पत्र) के लाइसेंसधारकों के बीच साझेदारी हो सके, जिससे कि स्पेक्ट्रम साझेदारी के मामले में त्वरित शुरूआत, महत्वपूर्ण अधोमुखी संशोधन अथवा अतिरिक्त एसयूसी को समाप्त करने में लागत को कम किया जा सके और सुकर बनाया जा सके। आईएसपी लाइसेंस में अवसंरचना साझेदारी निःशुल्क होना चाहिए।

2.27 एक हितधारक ने सुझाव दिया कि यूएल वीएनओ (एसओ) लाइसेंस को दो या दो से अधिक एनएसओ (पहुंच प्रदाताओं) के साथ देखरेख की अनुमति होनी चाहिए।

2.28 कुछ हितधारकों ने सुझाव दिया कि आईपी–आई के कार्यक्षेत्र को उपयोगिता में बढ़ावा देने के लिए सक्रिय अया निष्क्रिय के निरपेक्ष अंतिम सामान्य साझायोग्य अवसंरचना को अपनाने, स्थापित करने और रखरखाब के लिए संवर्धित किया जाना चाहिए।

*प्रश्न 4: विद्यमान लाइसेंस व्यवस्था में अन्य किन सुधारों/बदलावों की आवश्यकता है?*

2.29 प्रश्न संख्या 4 के उत्तर में कुछ पणधारकों ने सुझाव दिया कि विद्यमान लाइसेंस व्यवस्था में बदलावों का लक्ष्य आपरेटरों द्वारा चुकाए जाने वाले प्रशुल्कों, अनुपालन प्रक्रियाओं, और लाइसेंसों की लागत और एक महत्वपूर्ण अवसंरचना के रूप में दूरसंचार अवसंरचना की पहचान करने के संदर्भ में शर्तों का सरलीकरण होना चाहिए। देय प्रशुल्कों और प्रभारों का युक्तियुक्तरण और केवल लाइसेंसयुक्त सेवाओं से राजस्व को शामिल करने के लिए एजीआर की परिभाषा की समीक्षा का भी सुझाव दिया गया।

2.30 कुछ हितधारकों ने प्रस्ताव दिया था कि एम2एम, आईओटी, क्लाउड सेवा, डाटा केंद्र, ई–कॉमर्स आदि जैसे एप्लिकेशन प्रदाताओं के लिए अस्थायी विनियम को जारी रखा जा सकता है, और वे लाइसेंसयुक्त टीएसपी से दूरसंचार संसाधनों की सेवा लेना जारी रख सकते हैं।

## अध्याय 3

## अंतरराष्ट्रीय प्रचलन

### एक. आस्ट्रेलिया

3.1 आस्ट्रेलियाई संचार और मीडिया प्राधिकरण (एसीएमए) आस्ट्रेलिया में संचार व्यवस्था और मीडिया सेवाओं को विनियमित करता है, और कैरियर एवं कैरियेज सेवा प्रदाताओं के बीच अंतर करता है। कैरियर अथवा कैरियेज सेवा प्रदाताओं द्वारा दूरसंचार अथवा कैरियेज सेवाएं प्रदान की जा सकती हैं।

3.2 *कैरियरः* कैरियर्स अथवा कैरियर प्रदाता कैरियेज सेवाएं प्रदान करने के लिए दूरसंचार 'नेटवर्क एकक' के स्वामी होते हैं। दूरसंचार कंपनियों को लोगों को दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने के लिए सुविधाओं (ट्रांसमिशन अवसंरचना केबलिंग, वायरलेस नेटवर्क, सैटेलाइट सुविधाएं) को परिचालित करने के लिए कैरियर लाइसेंसों की आवश्यकता होती है अथवा नामित कैरियर घोषणा (एनसीडी) की आवश्यकता होती है, ऐसी सुविधाओं को 'नेटवर्क एकक' कहा जाता है। एनसीडी के माध्यम से अवसंरचना स्वामी अपनी सुविधाओं को परिचालित करने के लिए एक कैरियर नामित करता है और इससे एक लाइसेंसधारक अपने परिचालन हेतु एक स्वामी के रूप में नेटवर्क एकक के लिए जिम्मेदारी को स्वीकार करता है। लाइसेंसधारी कैरियर एसीएमए हेतु एनसीडी के लिए आवेदन करता है, और नेटवर्क एकक के स्वामी को किसी कैरियर लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती है। एसीएमए द्वारा जारी कैरियर लाइसेंसों की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। कोई भी कैरियर कैरियेज सेवा प्रदाता हो सकता है क्योंकि उसे किसी लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती है, और इस पर कोई निषेध नहीं है।

3.3 जो कैरियर कैरियेज सेवा देने के उद्देश्य के लिए रेडियो संचार के उपकरण का परिचालन करता है, उसके लिए स्पेक्ट्रम लाइसेंस का होना आवश्यक है। सामान्यतया, स्पेक्ट्रम लाइसेंसों की नीलामी की जाती है और ये पंद्रह वर्षों के लिए मान्य होता है। स्पेक्ट्रम लाइसेंस का अन्यों के साथ लेनदेन (अथवा इसके कुछ हिस्से का) भी किया जा सकता है।

3.4 यदि अन्य कैरियर उचित शर्तों पर दूरसंचार अवसंरचना का अनुरोध करे तो कैरियर अपनी दूरसंचार अवसंरचना तक पहुंच प्रदान करने के प्रति कृतज्ञ होता है। उन्हें कंपिटिशन एंड कंज्युमर एक्ट, 2010 के तहत मानक पहुंच दायित्वों का पालन करना चाहिए। इस अधिनियम के तहत एसीसीसी (आस्ट्रेलियन कंपिटिशन एंड कंज्युमर कमीशन) कैरियर नेटवर्क और कैरियर सेवा प्रदाताओं तक पहुंच प्रदान करते हैं। इसमें पहुंच हेतु सेवाओं की घोषणा, पहुंच कोड और पहुंच कार्य का अनुमोदन, घोषित सेवाओं के बारे में विवादों की मध्यस्थता, और पहुंच संबंधी समझौतों का पंजीकरण शामिल है।

3.5 सुविधाओं तक पहुंच और अन्य कैरियरों की नेटवर्क सूचना के संबंध में मानक कैरियर लाइसेंस शर्त दायित्व निर्दिष्ट करती है। कैरियर को अन्य कैरियरों को सुविधाएं और कैरियेज सेवाएं प्रदान करने अथवा अपनी स्वयं की सेवाएं स्थापित करने हेतु उन्हें समर्थ बनाने हेतु उनकी सेवाओं तक पहुंच प्रदान करना चाहिए। एक अतिरिक्त सुविधा पहुंच की स्थिति भी है जिसमें कैरियरों को अन्य कैरियरों को दूरसंचार ट्रांसमिशन टॉवरों, स्थलों और यदि तकनीकी रूप से व्यवहार्य हो तो भूमिगत सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करना होता है।

3.6 लाइसेंसधारी कैरियरों की संख्या (अप्रैल 2020) और नामित कैरियर घोषणा (मार्च 2020)[1] हैं:

| लाइसेंसधारी कैरियर | संख्या |
|---|---|
| कुल स्वीकृत कैरियर लाइसेंस | 535 |
| सक्रिय | 305 |
| लौटाए गए | 203 |
| रद्द किए गए | 27 |

| नामित कैरियर घोषणा | संख्या |
|---|---|
| कुल स्वीकृत एनसीडी | 167 |
| सक्रिय | 89 |
| रद्द किए गए | 78 |

3.7 *सेवा प्रदाताः* दो प्रकार के सेवा प्रदाता होते हैं: कैरियेज सेवा प्रदाता और मूल सेवा प्रदाता। कैरियर मूलभूत ट्रांसमिशन अवसंरचना प्रदान करते हैं जिस पर कैरियेज और मूल सेवाएं लोगों को प्रदान की जाती हैं।

- *कैरियेज सेवा प्रदाता* कैरियर सुविधाओं का उपयोग करता है तथा लोगों को फोन और इंटरनेट जैसी दूरसंचार सुविधाएं प्रदान करने के लिए इसकी अपनी नेटवर्क इकाई नहीं होती है। कैरियेज सेवा प्रदाताओं में वे संगठन शामिल हैं जो फोन कॉलों हेतु कैरियर नेटवर्क पर समय की पुनर्बिक्री करते हैं, इंटरनेट (आईएसपी) तक पहुंच प्रदान करते हैं, इंटरनेट (वीओआईपी सेवा प्रदाता) पर फोन सेवाएं प्रदान करते हैं।
- *मूल सेवा प्रदाता* लोगों को मूल सेवाएं प्रदान करते हैं (उदाहरण के लिए, पे टीवी सेवा)

3.8 सेवा प्रदाताओं को व्यक्तिगत लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती है, किंतु उन्हें दूरसंचार अधिनियम, 1997 और साथ ही दूरसंचार उद्योग ओम्बड्समैन[2] (टीआईओ) योजना में शामिल होने के दायित्व, पहुंच संबंधी दायित्वों, और एसीएमए द्वारा अधिरोपित अन्य प्रकार के सेवा प्रदाता नियमों का पालन करना चाहिए।

3.9 कैरियरों और कैरियेज सेवा प्रदाताओं को किसी भी एसीएमए पूर्व–चयन निर्धारण का पालन करना चाहिए। निर्धारण में कैरियर द्वारा अथवा कैरियेज सेवा प्रदाता द्वारा परिचालित दूरसंचार नेटवर्क और सुविधाओं की आवश्यकता होती है ताकि अंतिम प्रयोक्ता को : (1) विनिर्दिष्ट राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कॉल, आपरेटर सहायता प्राप्त सेवाएं और मोबाइल टेलिफोन तक कॉलों के लिए अंतिम प्रयोक्ता के अधिमान कैरियेज सेवा प्रदाता के रूप में पूर्व–चयन अन्य कैरियेज सेवा प्रदाता, और (2) लिखित अनुरोध के माध्यम से समय–समय पर चयन में बदलाव की अनुमति दी जा सके। ऐसे नेटवर्कों और सुविधाओं में कॉल–दर–कॉल आधार पर पूर्व–चयनयोग्य कॉलों के लिए वैकल्पिक कैरियेज सेवा प्रदाताओं के चयन के लिए अधिभूत डॉयल कोड भी प्रदान करना चाहिए।

3.10 *रेडियो संचार लाइसेंसः* रेडियोसंचार उपकरण के इस्तेमाल की आवश्यकता होती है, और रेडियोसंचार लाइसेंसों की तीन श्रेणियां होती हैं – एपरेटस, क्लास और स्पेक्ट्रम।

- *एपरेटस लाइसेंसः* कुछ विशेष प्रकार के ट्रांसमिटरों और रिसीवरों को परिचालित करने के लिए इसकी आवश्यकता होती है और यह एक वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है, जिसका नवीकरण किया जा सकता है। ऐसे 16 ट्रांसमीटर लाइसेंस हैं, जो समनुदेशित लाइसेंस (आवृत्ति आवंटित की जाती है) हो अथवा गैर–समनुदेशित लाइसेंस (अन्य प्रयोक्ताओं के साथ साझा की गयी आवृत्ति) सकता है और पांच रिसीवर लाइसेंस, जो समनुदेशित लाइसेंस होते हैं।

---

1 https://www.acma.gov.au/register-carrier-licences-and-npminated-carrier-declarations

- *क्लास लाइसेंसः* साझा आवृत्ति के संबंध में साझा रेडियो उपकरण के उपयोग के लिए 15 क्लास लाइसेंस होते हैं। किसी क्लास लाइसेंस हेतु आवेदन की कोई आवश्यकता नहीं होती है, और कोई लाइसेंस शुल्क नहीं होता है।
- *स्पेक्ट्रम लाइसेंसः* इसमें एक विशिष्ट भौगोलिक क्षेत्र और आवृत्ति बैंड में रेडियो उपकरणों के रेंज के उपयोग की अनुमति होती है। ये 15 वर्षों के लिए मान्य होते हैं और सामान्यतया इसकी नीलामी होती है, तथापि, इनका (इसके किसी हिस्से का) अन्यों के साथ लेनदेन किया जा सकता है।

3.11 *एरिया–वाइड एपरेटस लाइसेंसः* एसीएमए ने एक नए ट्रांसमीटर और रिसीवर लाइसेंस प्रकार जिसे एरिया–वाइड एपरेटस लाइसेंस (एडब्लूएल) प्रकार कहा गया, का प्रस्ताव किया है। एडब्लूए प्रकार के लाइसेंस

का अभिप्राय किसी विनिर्दिष्ट आवृत्ति पर उल्लेखित भौगोलिक क्षेत्र में एक या एक से अधिक रेडियो संचार उपकरणों के परिचालन के लिए प्राधिकृत किया जाना है। इस प्रकार का लाइसेंस आरोह्य होगा, जो विभिन्न आकार वाले भौगोलिक क्षेत्रों और वैंडविड्थ हेतु अपने उपयोग में समर्थ होगा, और जो फिक्स्ड और मोबाइल सेवाओं, उपयोगों, एप्लिकेशन और प्रौद्योगिकियों के प्राधिकार में सक्षम होगा।

दो. दक्षिण अफ्रीका

3.12 दक्षिण अफ्रीका में दूरसंचार के लिए लाइसेंस रूपरेखा[3] इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन एक्ट, 2005 में अंतर्विष्ट है। मुख्य सेवा लाइसेंस को निम्न प्रकार से श्रेणीबद्ध किया जा सकता हैः

(क) इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवा

(ख) प्रसारण सेवा

(ग) डाक सेवा

इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवाओं के लिए आईसीएएसए इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क सेवाओं (ईसीएनएस) और इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवाओं (ईसीएस) हेतु व्यक्तिगत लाइसेंस प्रदान करता है।

3.13 *इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क सेवा (ईसीएनएस):* यह सेवा बिक्री, पट्टा अथवा अन्यथा रूप से इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क (ईसीएन) उपलब्ध कराता है। ईसीएन इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधा प्रणाली (तकनीकी रूप से तटस्थ लाइसेंस ढ़ांचा की तर्ज पर) है और इसमें सैटेलाइट प्रणाली, फिक्स्ड और मोबाइल प्रणाली, फाइबर–ऑप्टिक केबल और इलेक्ट्रिसिटी केबल प्रणाली शामिल हो सकता है। ईसीएनएस लाइसेंसों की दो श्रेणियां होती हैं नामतः क्लास ईसीएनएस लाइसेंस और व्यक्तिगत ईसीएनएस लाइसेंस।

----------------------

2 https://www.tio.com.au/about-us

*व्यक्तिगत ईसीएनएस (आई–ईसीएनएस)* लाइसेंस प्रांतीय और/अथवा राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र में वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए परिचालन करता है, और इसे 20 वर्षों के लिए जारी किया जाता है।

- *क्लास ईसीएनएस (सीईसीएनएस)* लाइसेंस स्थानीय अथवा जिला म्युनिसिपल कार्यक्षेत्र भौगोलिक क्षेत्र (उदाहरण के लिए शहर) तक के लिए सीमित होता है और इसे 10 वर्षों के लिए जारी किया जाता है।

वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका में 418 व्यक्तिगत ईसीएनएस लाइसेंस और 1065 क्लास ईसीएनएस लाइसेंस हैं। तथापि, सभी लाइसेंस परिचालन में नहीं हैं।

3.14 इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवा (ईसीएस): किसी ईसीएन पर इलेक्ट्रॉनिक संचार के माध्यम, जिसमें प्रसारण सेवाएं शामिल नहीं हो, से लोगों, राज्यों, अथवा सब्सक्राइबरों को प्रदान की गयी सेवा। ईसीएस लाइसेंस

अपने अथवा तृतीय पक्ष के नेटवर्क पर उपभोक्ताओं को सेवाएं प्रदान कर सकता है। ईसीएस लाइसेंस की दो श्रेणियां होती हैं नामतः क्लास ईसीएस लाइसेंस और व्यक्तिगत ईसीएस लाइसेंस।

- *व्यक्तिगत ईसीएस (आई–ईसीएस)* लाइसेंस प्रांतीय और/अथवा राष्ट्रीय कार्यक्षेत्र के संबंध में सभी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रदान करता है। इसे 20 वर्षों के लिए जारी किया जाता है और आवेदन हेतु आमंत्रण (आईटीए) के लिए आवेदन किया जा सकता है। वे ईसीएस प्रदान करते हैं जिसमें राष्ट्रीय संख्या योजना से संख्या का उपयोग करते हुए वॉयस टेलीफोनी शामिल होता है और इसे राष्ट्रीय स्तर पर परिचालित किया जाता है।
- *क्लास ईसीएस लाइसेंस (सी–ईसीएस)* धारक को वही सेवाएं प्रदान करने की अनुमति प्रदान करता है जिन्हें इस संबंध में और व्यक्तिगत ईसीएस लाइसेंस, साथ ही किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र (उदाहरण के लिए कोई शहर) में वॉयस सेवा के लिए प्राधिकृत किया गया है। ऐसे लाइसेंसधारकों को प्राधिकरण की राष्ट्रीय संख्या योजना से संख्याओं हेतु आवेदन करने का अधिकार नहीं होता है। सी–ईसीएस लाइसेंसों के लिए पंजीकरण नोटिस किसी भी समय प्राधिकरण को दी जा सकती है। इसे 10 वर्षों के लिए जारी किया जाता है।

वर्तमान में 466 व्यक्तिगत ईसीएस लाइसेंस और 939 क्लास ईसीएस लाइसेंस हैं। तथापि, ये सभी परिचालन में नहीं हैं।

3.15 उपभोक्ताओं को सेवा जारी रखने के लिए यदि लाइसेंसधारक के पास अपेक्षित ईसीएस लाइसेंस हो तो वह अपने स्वयं के ईसीए का इस्तेमाल कर सकता है अथवा वह तृतीय पक्ष ईसीएनएस लाइसेंसधारकों के साथ समझौता कर सकता है।

3.16 *ईसीएस बनाम ईसीएनएस प्रकार:*

| मानदंड | इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क सेवा (ईसीएनएस) | इलेक्ट्रॉनिक संचार सेवा (ईसीएस) |
|---|---|---|
| थोक बनाम खुदरा | ईसीएनएस लाईसेंसधारी पुनर्बिक्री के लिए ईसीएस लाइसेंसधारियों अथवा अन्य ईसीएनएस लाइसेंसधारियों को नेटवर्क क्षमता को थोक में बेच सकता है किंतु यह लोगों के साथ लेनदेन नहीं करता है। | ईसीएस लाइसेंसधारी लोगों के लिए खुदरा सेवाएं आफर करता है (और तृतीय पक्षों को पुनर्बिक्री के लिए थोक सेवाएं भी प्रदान कर सकता है)। |
| वास्तविक बनाम वर्चुअल नेटवर्क | ईसीएनएस लाइसेंसधारी फाइबर अथवा बेस स्टेशनों जैसी सुविधाओं से निर्मित वास्तविक नेटवर्क का परिचालन करता है। | ईसीएस लाइसेंसधारी वीएनपी और एमपीएलएस नेटवर्कों जैसे वर्चुअल नेटवर्कों का परिचालन करता है। |

-------------------------------

3 https://www.icasa.org.za/pages/services-licencing

3.17 इलेक्ट्रॉनिक संचार अधिनियम 2005[4] जिसे 2014[5] में संशोधन किया गया है, अनुरोध के अनुचित नहीं होने पर ईसीए के संदर्भ में लाइसेंसयुक्त किसी अन्य व्यक्ति के साथ इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधाओं के साथ अंतर्संयोजन करने और पट्टे पर देने के लिए अनुरोध किए जाने पर किसी लाइसेंस कंपनी हेतु इसे बाध्यकारी बनाता है। ईसीएनएस लाइसेंसधारी अन्य लाइसेंसधारियों के साथ वाणिज्यिक व्यस्था संबंधी समझौता कर सकता है ताकि वे ईसीएनएस लाइसेंसधारी द्वारा स्वधारित और परिचालित इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क का इस्तेमाल कर सकें। इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधा पट्टा विनियम, 2010 में पट्टा संबंधी समझौते के अनुरोध, समझौते और प्रवर्तन सुविधाओं की प्रक्रियाओं का निर्धारण है। किसी ईसीएनएस लाइसेंसधारी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधाओं का पट्टा, पट्टे पर दी जा रही इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधाओं के तुलनात्मक रूप में और जो ऐसे ईसीएनएस लाइसेंसधारी द्वारा स्वयं को अथवा किसी संबद्ध को प्रदान की गयी तकनीकी मानक और गुणवत्ता से निम्न तकनीकी मानक और गुणवत्ता तथा ऐसे लाइसेंसधारियों द्वारा स्वयं अथवा किसी संबद्ध को प्रदान की गयी तुलनात्मक नेटवर्क की तुलना में अन्य रूप से विभेदकारी हो, पारदर्शी और गैर–भेदभाव वाला होना चाहिए। आईसीएएसए द्वारा अनुमोदन किए जाने पर पट्टा संबंधी समझौता लागू किया जाता है और पट्टा समझौता सुविधाओं को सार्वजनिक किया जाता है। आवश्यक सुविधाओं के पट्टा संबंधी अनुरोधों को इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्कों और सुविधाओं के प्रभावी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए माना जाता है।

3.18 इलेक्ट्रॉनिक संचार सुविधा पट्टा विनियम, 2010 में अपेक्षित तकनीकी विशिष्टियों के साथ किए जाने वाले लिखित अनुरोध की आवश्यकता होती है। यह ईसीएन सुविधाओं की पट्टे की शर्तों के संबंध में समझौता करने और सहमति के लिए विभिन्न पक्षों हेतु 45 से 60 दिनों की निर्धारित अवधि प्रदान करता है। तथापि, आईसीएएसए (दक्षिण अफ्रीका का स्वतंत्र संचार प्राधिकरण) इन सुविधाओं तक पहुंच की लागत को विनियमित नहीं करता है। ईसीएनएस लाइसेंसधारियों के लिए सुविधाओं अथवा अवसंरचना संबंधी पट्टा देने की आवश्यकता होती है जहां यह गैर –भेदभाव के आधार पर तकनीकी और आर्थिक रूप से व्यवहार्य नहीं होता है। तथापि, ईसीएनएस लाइसेंसधारी अन्य लाइसेंसधारियों को थोक क्षमता की बिक्री करने के लिए सहायता नहीं देते हैं, किंतु नेशनल रोमिंग के रूप में थोक क्षमता की बिक्री हेतु सहायता देते हैं, थोक एपीएन (मोबाइल वर्चुअल नेटवर्क आपरेटर सहित) आदि प्रचलित है। अन्य शब्दों में ईसीएनएस लाइसेंसधारी अन्य लाइसेंसधारियों के साथ वाणिज्यिक समझौते कर सकते हैं ताकि उन्हें ईसीएनएस लाइसेंसधारियों द्वारा स्वाधिकृत और परिचालित इलेक्ट्रॉनिक संचार नेटवर्क का उपयोग करने की अनुमति प्राप्त हो।

3.19 पट्टा संबंधी सभी समझौता सुविधाओं को आईसीएएसए के पास दर्ज किया जाना चाहिए और इन्हें दर्ज किए जाने पर प्रभावी और प्रवर्तनयोग्य माना जाता है। आईसीएएसए को पट्टा संबंधी समझौते से जुड़े विवादों के निर्णय के लिए सशक्त बनाया जाता है जिन विवादों को सुविधा पट्टा विनियमों के संदर्भ में उनके पास भेजा जाता है।

## III. युगांडा

